गुरुवार
31 अगस्त, 2023
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



रोहतास में हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

2



### इंडिया गठबंधन की दो दिवसीय बैठक आज से मुंबई में

# 28 दलों के नेता गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल



**एजेंसी/मुंबई**

मुंबई में होने वाली इंडिया गठबंधन की दो दिवसीय बैठक को लेकर एमवीए के नेताओं ने बुधवार को मीडिया से बात की। इस दौरान शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा कि बैठक को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ये बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित की जाएगी। संजय राउत ने कहा कि इस मीटिंग में छह राज्य के मुख्यमंत्री और सभी नेता जो बेंगलुरु और पटना में आए थे, वो सभी आएंगे। बैठक में 28 दलों के नेता शामिल होंगे। कुछ नेता आज आ गए हैं, कुछ नेता कल आ जाएंगे। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने सिलेंडर की कीमत कम की है। इंडिया की दो बैठक का कमाल है कि कीमत कम होने लगी। उन्होंने आगे कहा कि मुंबई का पूरा माहौल इंडिया मय हो गया है।

**जैसे-जैसे इंडिया आगे बढ़ेगा, चीन पीछे हटेगा:** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र के संस्कृति के अनुसार मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। हम बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ लड़ने जा रहे हैं।

### हम एक तानाशाह के खिलाफ एक साथ आएं हैं: उद्धव

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रतिदिन महिला सुरक्षा होनी चाहिए, ऐसा रोज होना चाहिए। आज ऐसी सरकार राज्य और केंद्र में नहीं है। अगर बीजेपी के लोग महिलाओं को राखी बांधने का काम कर रहे तो सबसे पहले बिल्किस बानो, मणिपुर की दो बहनों और कुस्ती संघ के खिलाफ आंदोलन पर बैठी महिला खिलाड़ियों को रक्षाबंधन बांधे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया गठबंधन आगे बढ़ेगा गैस फ्री में देने लगेंगे। 9 साल में बहनों की याद नहीं आई. यह सरकार खुद गैस पर है। मैंने सुना मुंबई में महायुती की एक बैठक है। कीजिए महज विरोध के लिए नहीं, राज्य में सूखे की स्थिति है। अंग्रेज भी विकास करते थे, लेकिन आजादी चाहिए थी इसलिए हम एक तानाशाह के खिलाफ एक साथ आएं हैं। भारत माता की रक्षा के लिए साथ आए हैं। हमारी वजह से ही बीजेपी ने गैस के दाम काम किये हैं।

### मायावती की बीजेपी से डायलॉग है : पवार

एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि अब तक इंडिया की दो बैठक हुई। सीटों को लेकर बात होने की संभावना है। मायावती ने जो फैसला लिया उसके लिए लोगों को सोचना होगा। मायावती की बीजेपी से डायलॉग है, ऐसी जानकारी है। मैं विपक्ष में हूं, इसको लेकर कोई भ्रम नहीं।

इंडिया अलायन्स में लोग जुड़ रहे है।. चीन ने एक मैप में अरुणाचल को अपना दिखाया है। जैसे-जैसे इंडिया आगे बढ़ेगा, चीन पीछे हटेगा।

### देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इंडिया की

मीडिया से बातचीत के दौरान अशोक चव्हाण ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन में 28 दल शामिल हो गए हैं, पहले हमारे गठबंधन में 26 दल थे। आज रक्षा बंधन का दिन है. देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इंडिया की है। 2019 के चुनाव में आज के इंडिया गठबंधन की पार्टियों को 23.40 करोड़ वोट मिले थे और बीजेपी को 22 करोड़ वोट मिले थे। जिन राज्यों में बीजेपी ने सरकार तोड़कर बनाई वहां वो हारी। हमलोग इसबार एकजुट हैं।

# पढ़ाई के दबाव के कारण मौत का शहर बनता जा रहा कोटा

- इस साल कोटा में अभी तक 23 छात्र पढ़ाई के प्रेशर में सुसाइड जैसा कदम उठा चुके हैं
- माता-पिता बच्चों की रुचि को परखें और उसमें उन्हें आगे बढ़ाएं

**एजेंसी/कोटा**

27 अगस्त को राजस्थान के कोटा में 4 घंटे में 2 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। इस साल अभी तक यहां 23 छात्र पढ़ाई के प्रेशर में सुसाइड जैसा कदम उठा चुके हैं। हाल की घटना के बाद छात्रों पर पढाई के प्रेशर के कारण बढ़ रहे तनाव का मुद्दा फिर उठा है। इस बीच राजस्थान के शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इन घटनाओं के बाद राज्य सरकार की क्या प्लानिंग है। द इंडियन एक्सप्रेस के साथ इंटरव्यू में राजेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों पर मानसिक दबाव है। जब वह अच्छे अंक नहीं ला पाते तो वह खुद को इस बात का दोषी मानते हैं और गलत कदम उठा लेते हैं।



### टॉपर्स की फोटो लगा कोचिंग सेंटर्स कर रहे मार्केटिंग

राजेंद्र सिंह ने कहा, कुछ संस्थान पूरी तरह से कमर्शियल हो गए हैं और अपने हॉर्डिंग्स और बोर्ड पर सिर्फ टॉपर्स की फोटो लगा अपने कोचिंग सेंटरों की मार्केटिंग कर रहे हैं, लेकिन ये नहीं बताते कि वहां कितने बच्चे पढ़ते हैं। अगर किसी इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले 20 हजार छात्रों में से 30 टॉपर हैं तो यह सामान्य बात है। होशियार बच्चे क्लास में अच्छे नंबर लाते हैं, लेकिन ये इंस्टीट्यूट ये नहीं बताते कि कितने बच्चे वहां पढ़ते हैं और उनमें से कितने टॉपर हैं, यह सब फ्रॉड है।

### शिक्षा मंत्री बोले... कोचिंग सेंटरों पर लगाम कसने की तैयारी

शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार एक ऐसे एक्ट पर काम कर रही है, जो कोचिंग सेंटरों पर लगाम कसेगा और इसका भी ध्यान रखेगा कि ये सेंटर्स बच्चों से कितनी फीस वसलू रहे हैं। राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार पूरे हायर एजुकेशन सिस्टम और सभी स्टेकहॉल्डर्स को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है। सभी स्टेकहॉल्डर्स से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक, प्राइवेट कॉलेज और इंस्टीट्यूट को ऐसा लगता है कि हम उन्हें कंट्रोल करना या डराना चाहते हैं। राजेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे समय में कौन से कोचिंग सेंटर होते थे तो क्या उस समय लोग आईएएस, डॉक्टर और इंजीनियर नहीं बनते थे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में माता-पिता बच्चों की स्पोर्टिंग एक्टिविटी और उनकी किसमें रुचि है इस पर ध्यान नहीं देते। कुछ बच्चे किसी खेल या अन्य किसी और क्षेत्र में जाना चाहते हैं, लेकिन माता-पिता उन पर डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए दबाव बनाते हैं और आईआईटी जैसे संस्थानों में एडिमिशन के लिए कहते हैं, यह भी एक बड़ी वजह है।

### कोटा में 8 साल में 111 छात्र कर चुके हैं सुसाइड

साल 2015 से अब तक 111 छात्र कोटा में सुसाइड कर चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामला इसी साल सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2022 में 15 और 2023 में 23 आत्महत्या के मामले सामने आए हैं।

### आनंद महिंद्रा ने दी खुद को खोजने की सलाह

आनंद महिंद्रा ने बच्चों को तनाव कम करने के लिए सलाह दी है। उन्होंने लिखा है कि छात्रों का लक्ष्य खुद को साबित करना नहीं बल्कि खुद को खोजना होना चाहिए। अगर आप एक परीक्षा में सफल नहीं होते तो समझ लीजिए कि आपकी असली प्रतिभा कहीं और है। आप लगे रहें आप सर्वश्रेष्ठ बनेंगे।

# केंद्र सरकार ने नौ सालों में गैस के दाम 185 फीसदी बढ़ाए: कांग्रेस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार ने पिछले नौ सालों में एलपीजी के दाम में 185 फीसदी की बढ़ोतरी की और अब सिर्फ 17.5 फीसदी की कमी की है. उन्होंने दावा किया कि इस सरकार ने पिछले 9.5 साल में फ्यूल पर टैक्स बढ़ाकर 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है। मंगलवार को एलपीजी सिलेंडर के दाम 200 रुपये कम करने का फैसला लिया गया।

सुप्रिया श्रीनेत ने एक वीडियो जारी कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन की ताकत के चलते सरकार रसोई गैस के दाम करने के लिए मजबूर हुई। यह इंडिया की ताकत है कि रसोई गैस के दाम में आग लगाने वाले अब दाम घटाने को मजबूर हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, खरीद की क्षमता के अनुसार, दुनिया में सबसे महंगी रसोई गैस भारत में बिकती है। देश में रसोई गैस के दाम साल 2014 में 400 रुपये प्रति सिलेंडर थे जो 2023 में 1140 रुपये हो गए। सरकार ने दाम में नौ सालों में 185 फीसदी का इजाफा कर डाला। अब अगस्त 2023 में रसोई गैस दाम 17.5 फीसदी घटाए गए।


सुप्रिया के मुताबिक, भारत में रसोई गैस का दाम सऊदी के एलपीजी दाम और डॉलर और रुपये की कीमत के आधार पर निर्भर करता है। सऊदी अरामको के एलपीजी दाम के मुताबिक, जनवरी, 2014 में एलपीजी की कीमत 1010 डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी जो जनवरी, 2023 में घटकर 590 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रह गई। अगस्त, 2023 में एलपीजी का दाम 470 डॉलर प्रति मीट्रिक टन था।

# आदित्य-एल1 मिशन की तैयारियां पूरी

### सूर्य की स्टडी

- इसरो ने बताया, लॉन्च रिहर्सल और रॉकेट की आंतरिक पड़ताल हो चुकी है पूरी

**एजेंसी/बेंगलुरु**



चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के बाद अब इसरो की नजरें सूरज पर हैं। सूर्य की स्टडी करने से संबंधित आदित्य-एल1 मिशन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसरो ने बुधवार को जानकारी दी कि लॉन्च रिहर्सल और रॉकेट की आंतरिक पड़ताल पूरी हो चुकी है.

इसरो ने ट्वीट कर बताया, PSLV-C57/आदित्य-L1 मिशन की लॉन्च की तैयारियां चल रही हैं. लॉन्च रिहर्सल-वाहन की आंतरिक जांच पूरी हो गई है। इस मिशन को दो सितंबर को सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाना है। इसे पीएसएलवी-सी57 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा।

आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को सूर्य के परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है. ये सूर्य के स्टडी के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है।

**क्या पता लगाएगा आदित्य-एल1 मिशनः** इस मिशन का मकसद 'एल1' के चारों ओर की ऑर्बिट से सूर्य की स्टडी करना है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल1 राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी वाला पूर्णतः स्वदेशी प्रयास है. इसमें अलग-अलग वेवबैंड में सूर्य के प्रकाशमंडल, क्रोमोस्फीयर और सबसे बाहरी परत-परिमंडल का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड लगे होंगे।






## रोहतास में हादसा: कंटेनर में जा घुसी स्कॉर्पियो

# सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के सात की मौत

- स्कॉर्पियों सवार लोग कैमूर के कुड़ारी के रहनेवाले थे
- बोधगया से अपने गांव लौटने के दौरान हुआ हादसा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के रोहतास जिले में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। स्कॉर्पियों सवार लोग कैमूर के थे। बताया जा रहा है कि ये सभी बोधगया से अपने गांव की ओर लौट रहे थे. नेशनल हाइवे पर स्कॉर्पियो कार ने हाईवे पर पहले से खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी। हादसे की भीषणता को इसी से समझा जा सकता है कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। एसयूवी में 12 लोग सवार थे, जिनमें से 7 की मौत हो गई और 5 अन्य घायल हो गए हैं। घायलों का पास के ही अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, भीषण सड़क हादसा रोहतास जिले के शिवसागर के समीप हुआ। हादसा इतना भयानक था कि इसमें दुर्घटनाग्रस्त वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो कार सवार सभी लोग कैमूर जिले के कुडारी गांव के रहने वाले थे। सभी लोग बोधगया से अपने गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए।



**12 लोग थे सवार, ड्राइवर को आई झपकी:** दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो कार में 12 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो स्कॉर्पियो के चालक को अल सुबह झपकी आ गई थी। इस वजह से चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रह सका। जब तक कुछ समझ पाते तब तक स्कॉर्पियो हाईवे पर पहले से खड़े कंटेनर में जा घुसी। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने इस हादसे में सात लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। मरने वालों में 5 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 2 बच्चों की भी मौत हो गई। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे।

**घटना के बाद मची अफरातफरी:** घटना के बाद एनएचएआई की एंबुलेंस बुलाई गई। आनन-फानन में घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। पांच घायलों में से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के अंदर ही कई लोग फंसे रह गए. किसी तरह निकाला गया। हादसे में घायल होने वाले एक शख्स ने बताया कि बोध गया घूमने के लिए गए थे। हम लोग 12 लोग थे। सभी एक ही परिवार के हैं। सात लोगों की मौत हुई है। पांच लोगों का इलाज चल रहा है। इधर एनएचएआई के एक कर्मी नरेंद्र पांडेय ने कहा कि शिवसागर थाना क्षेत्र का मामला है। टेकारी पेट्रोल पंप के पास हादसा हुआ है।

# चांद के बाद अब सूर्य की तरफ चला भारत, तय होगी 15 लाख किमी की यात्रा

**विचार**



**पंकज भारद्वाज**
लेखक

चांद के साउथ पोल पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य-एल वन नामक स्पेसक्राफ्ट लांच करने वाला है। भारतीय वैज्ञानिक इसकी पूरी तैयारी कर चुके हैं। योजना के मुताबिक 2 सितंबर को दिन के 11.50 बजे आदित्य-एल वन मिशन लांच कर दिया जाएगा। इस मिशन को लेकर इसरो के वैज्ञानिक भी काफी उत्साहित हैं। इसरो के मुताबिक आदित्य-एल वन स्पेसक्राफ्ट पूरी तरह तैयार है और इसे शनिवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच कर दिया जाएगा। यह स्पेसक्राफ्ट करीब चार माह में धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर की यात्रा पूरी करेगा। इसे सूर्य के हैलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा, जहां एल-वन प्वाइंट होता है। विज्ञान की भाषा में इसे लैग्रेंज प्वाइंट कहते हैं। यह प्वाइंट सूर्य और धरती की सीधी रेखा के बीच अंतरिक्ष में ऐसी जगह स्थित है, जहां दोनों का गुरुत्वाकर्षण बल आपस में टकराकर बैलेंस हो जाता है और इसकी वजह से वहां सेंट्रीफ्युगल फोर्स बन जाता है। इस प्वाइंट पर कोई वस्तु सूर्य और धरती की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के बीच फंसी लंबे समय तक टिकी रह सकती है। इससे स्पेसक्राफ्ट का इंधन भी कम खर्च होगा। लिहाजा इसरो के वैज्ञानिकों ने इसे यहीं स्थापित करने की योजना बनाई है, ताकि स्पेसक्राफ्ट सूर्य का बेहतर अध्ययन कर सके। एल वन प्वाइंट ऑर्बिट में सैटेलाइट को रखने का सबसे बड़ा फायदा होगा कि यह सूर्य को बगैर किसी अवरोध के लगातार देख पाएगा। इससे रियल टाइम में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। करीब 400 किलो वजन वाले आदित्य-एल वन स्पेसक्राफ्ट को पीएसएलवी-सी 57 रॉकेट से छोड़ा जाएगा। इसमें सात पेलोड होंगे, जो सूर्य से जुड़ी विभिन्न तरह की जानकारियां जुटाएंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार इनमें से चार रिमोट सेंसिंग पेलोड सीधे सूर्य पर नजर बनाए रखेंगे, जबकि अन्य तीन सूर्य से जुड़े दूसरे तथ्यों के बारे में पता लगाएंगे। यह अभियान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत सूर्य के अध्ययन के लिए पहली बार कोई मिशन लांच करने जा रहा है। यही नहीं, इसरो के अनुसार यह मिशन पूर्णरूपेण स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। इसमें बेंगलुरू के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स की अहम भूमिका है। इसी संस्था ने विजिबल एमिशन लाइन कॉर्नोग्राफ पेलोड का निर्माण किया है। वहीं पुणे स्थित यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स ने सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड बनाया है।

जान लें कि धरती से सूर्य की दूरी करीब 15 करोड़ किलोमीटर है। चांद की करीब चार लाख किलोमीटर। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक सूर्य के केंद्र बिंदु का टेम्परेचर 15 मिलियन, यानी 1.5 करोड़ डिग्री सेल्सियस है, जबकि इसकी सतह का तापमान करीब 5500-6000 डिग्री सेल्सियस है। यह टेम्परेचर इतना अधिक है कि धरती की कोई भी वस्तु इसे झेल नहीं सकती। जाहिर सी बात है चांद की तरह कोई स्पेसक्राफ्ट सीधे सूर्य पर लैंड नहीं कर सकता। एकदम नजदीक भी नहीं जा सकता। यही वजह है कि आदित्य-एल वन को धरती से महज 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर, यानी सूर्य से करीब 14 करोड़ 85 लाख किलोमीटर दूर हैलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। यह इसी कक्षा में घूमता हुआ सूर्य पर उठने वाले सौर तूफानों और मैग्नेटिक फील्ड सहित सूर्य से जुड़े अन्य तथ्यों के बारे में अध्ययन करेगा। आदित्य-एल वन द्वारा भेजी गई सूचनाओं से वैज्ञानिकों को सूर्य के अलावा सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के निर्माण एवं संरचना सहित अन्य अज्ञात तथ्यों के बारे में जानकारी मिल सकेगी, जो धरतीवासियों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी।

ऐसे में एक बार फिर दुनिया के ताकतवर देशों की निगाहें भारत की तरफ टिक गई हैं। खबरों के मुताबिक रूस ने स्पेस प्रोग्राम में चीन की जगह अब अपने पुराने दोस्त भारत की मदद लेने का मूड बनाया है। लूना-25 की नाकामयाबी और चंद्रयान-3 की स्वर्णिम कामयाबी के बाद रूस जैसे देश को ऐसा सोचना पड़ा। यह इसरो के वैज्ञानिकों का कमाल है। वैसे तकनीक और बजट, दोनों ही मामलों में दुनिया के स्तर पर इसरो के वैज्ञानिकों का फिलहाल कोई मुकाबला नहीं। करीब 600 करोड़ में चंद्रयान-3 भेजने वाले वैज्ञानिकों ने आदित्य-एल वन पर चार सौ करोड़ से भी कम खर्च किया है। इतने में धरती पर कायदे का एक पुल भी नहीं बन पाता। निर्माण के दौरान ही भरभरा कर गिरने के कारण हाल में सुर्खियों में रहे भागलपुर-खगड़िया को जोड़ने वाले अगुवानी पुल की लागत 17 सौ करोड़ से भी ज्यादा है। पते की बात यह कि आदित्य-एल वन मिशन का बजट महज 378 करोड़ रुपए का है। इन्हीं वजहों के चलते मंगलयान और चंद्रयान को सफलतापूर्वक भेज चुके इसरो के इस मिशन पर सबका ध्यान टिका है।

# बिहार सरकार ने सितंबर से दिसंबर तक सरकारी स्कूलों की छुट्टियों में की कटौती

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार ने एक अहम फैसले के तहत इस साल सितंबर से दिसंबर तक की सरकारी स्कूलों की छुट्टियों को संशोधित किया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आने के बाद सरकारी विद्यालयों के बच्चों पर सीधा असर डालने वाला यह पहला फैसला है। इसका पहला असर यही है कि रक्षा बंधन पर भी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को स्कूल जाना पड़ेगा। इसके साथ ही दशहरा, दीपावली और लोक आस्था के महापर्व छठ की छुट्टियां भी काटी गई हैं। अभी से दिसंबर तक की 23 में से 12 छुट्टियों को खत्म किया गया है। विभाग ने विद्यालयों में 220 कार्यदिवसों के पूरा नहीं होने के कारण बच्चों पर पड़ रहे प्रभाव को इस फैसले का कारण बताया है।

# मनेर में दवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी/पटना**

राजधानी पटना के मनेर थाना अंतर्गत के सराय पंचमुहानी के पास बुधवार को दवा व्यवसायी गोरख कुमार की गोली मारकर बदमाशों ने हत्या कर दी। गोलीबारी से पूरा इलाका थर्रा उठा। घटनास्थल पर दहशत का माहौल हो गया। मृतक की पहचान नेउरा थाना अंतर्गत के जमुनीपुर निवासी गोरख कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह आज भी सराय पंचमुहानी के पास गोरख कुमार अपनी दुकान खोल रहे थे। इस दौरान अज्ञात हथियारबंद बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद हथियार से फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। घटनास्थल पर से पुलिस को दो खोखा मिला है। जानकारी के अनुसार गोरख कुमार जमीन के भी कारोबार से जुड़ा था। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**प्रथम दृष्टि में मामला जमीन से संबंधित लग रहा है- पुलिसः** मनेर प्रभारी थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या की गई है। घटनास्थल से दो खोखा बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टि में मामला जमीन से संबंधित लग रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।



## खबरें फटाफट

### मनमाफिक रसोईयां का चयन नहीं होने से नाराज ग्रामीण ने प्राचार्य को पीटा

**डुमरांव।** मनमाफिक रसोईयां का चयन नहीं होने से नाराज एक दबंग ग्रामीण ने प्रधानाध्यापक की उनके कार्यालय में ही लाठी से पिटाई कर दी। प्रधानध्यापक किसी तरह उसके चंगुल से छूट जब कार्यालय कक्ष के बाहर निकल शोर मचाए तो कुछ शिक्षकों व छात्रों ने मिलकर उनकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी भाग खड़ा हुआ। मामला मंगलवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय छतनवार का है। पीड़ित प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि मंगलवार को वे अपने कार्यालय में बैठ विद्यालय के कामों का निपटारा कर रहे थे। इसी दौरान गांव के तारा यादव हाथ में लाठी लिए पहुंचे तथा बोले कि जिस रसोईयां का चयन किया गया है उसे हटाकर मेरे मनमाफिक रसोईयां का चयन कर दीजिए। तब मैने कहा कि उसका चयन नियमों के मुताबिक शिक्षा समिति द्वारा किया गया है। इस बात से नाराज तारा यादव मुझे लाठी से पीटने लगा। किसी तरह जान बचाकर मैं कार्यालय से बाहर निकला तो शिक्षकों व छात्रों ने मिलकर मेरी जान बचाई। खबर लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

### 2.25 लाख के बिजली के तार की चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कृषि फीडर के पीछे रखे गये स्पेन तार काटकर अज्ञात चोर ले भागे, जिसकी कीमत 2 लाख 25 हजार रुपये बतायी जाती है। इस मामले में कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा चौंगाई के शैलेश कुमार ने डुमरांव थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान करने में जुट गयी है।

### वार्षिकोत्सवः लाला टोली रोड स्थित मंदिर में विधि-विधान से हुई पूजा

# मां भगवती के जयकारे से गूंजता रहा शहर, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के लाला टोली रोड स्थित राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां भगवती मंदिर का वार्षिकोत्सव तांत्रिक विधान से पारंपरिक उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित किरण मिश्र के नेतृत्व में वार्षिक पूजा की रश्में पूरी की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हुई जो देर रात तक जारी रही। मंदिर के वार्षिकोत्सव में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से हो रहे मंत्रोच्चार, महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीतों तथा श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे मां भगवती के जयघोष से सुबह से ही शहर में भक्तिरस की अविरल धारा बह रही थी। वार्षिकोत्सव को ले मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दूर दूर तक डेकोरेशन व लाईट की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की लंबी लाईन लगी हुई थी। इस दौरान जयकारे से परिसर गुंजायमान हो रहा था। बता दें कि शाहाबाद सहित पूरे बिहार के इस





पहले तांत्रिक मंदिर की स्थापना 400 साल पहले प्रसिद्ध तांत्रिक रहे पंडित भवानी मिश्र द्वारा की गई थी। आज भी उनके ही वंशज इस मंदिर में पुजारी की भूमिका निभाते हैं। वार्षिक पूजा पर मंदिर के पुजारी समेत पूजा समिति की भूमिका सराहनीय रही। इस मौके पर मंदिर के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया था।

**नया भोजपुर में संपन्न हुई गोरेया पूजाः** वहीं दूसरी तरफ बुधवार को नया भोजपुर में गोरेया बाबा की वार्षिक पूजा भी परंपरागत तरीके से किया गया। इस दौरान पूजा स्थ्ल से लेकर गांव के सभी प्रमुख चौक चौराहों तथा नुक्कड़ो पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात था। पूजा शांतिपूर्ण संपन्न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। बता दें कि कुछ वर्ष पहले गोरेया बाबा पूजा के दौरान इस गांव में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा इस पूजा में मुश्तैदी दिखाई जाती है।

**आज होगी नगर देवी मां डुमरेजनी की वार्षिक पूजाः** नगर देवी मां डुमरेजनी की वार्षिक पूजा गुरूवार को होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर के पुजारी मोहन मिश्र तथा समिति सदस्यों ने बताया कि वार्षिक पूजा सुबह से शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होगा। वार्षिक पूजा में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

### भाईयों की कलाई पर आज प्रेम व विश्वास की डोर बांधेंगी बहनें



**डुमरांव।** भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार आज मनाया जाएगा। हालांकि बुधवार की रात से ही रक्षा बंधन का त्योहार शुरू हो गया है। लेकिन गुरूवार की सुबह ही अधिकांश लोग इस त्योहार को मनाएंगे। अहले सुबह नहा धोकर बहने थाल में सजा अपने भाईयों की आरती उतारने के बाद उनके कलाई पर प्रेम व विश्वास का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधेंगी। बुधवार की देर रात तक बाजार में खूब चहल पहल थी। राखी, मिठाईयों तथा फलों की दुकानें देर रात तक सजी रहीं तथा वहां खरीददारों की भींड़ लगी रहीं। इस बार पूर्णिमा काल में भद्रा के कारण रक्षा बंधन गुरूवार को सुबह मनाया जा रहा है। बाजार में देर रात तक अच्छी बिक्री होने से दुकानदारों में खुशी देखी गई। रक्षाबंधन को ले चहुंओर उत्साह व्याप्त है।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी का डुमरांव में किया गया जोरदार स्वागत



**डुमरांव।** बुधवार को पैरालंपिक वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सह साहसिक साईकिलिंग वर्ल्ड रिकार्डर संतोष मिश्र का डुमरांव में पीडब्लूडी संघ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि पटना के बरियारपुर के रहने वाले श्री मिश्र ने 21 जून 2023 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लाल चौक घंटाघर तक 63 दिनों में साइकिल से मिशन पूरा कर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कर भारत देश का नाम चौथी बार रौशन किया है। इनके डुमरांव पहुंचने पर पीडब्लूडी संघ के जिला अध्यक्ष अगस्त उपाध्याय उर्फ छोटू बाबा और डुमरांव प्रखण्ड अध्यक्ष विशोकानन्द चन्द ने शहीदो की नगरी में गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में जिले के सभी 11 प्रखण्डों और दो नगर सहित सभी पंचायतों के दिब्यांगों से 3 दिसंबर को पटना के गांधी मैदान में आयोजित दिव्यांग अधिकार दिवस को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में चलने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में आनन्द सिंह, टुनटुन यादव, जितेंद्र पांडेय, किताबुदीन अंसारी, चिन्ता देवी, रजनी, जीउत यादव, अरविन्द पासवान, सुनील सिंह, शंकर सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यूपीएससी क्वालीफाई करने के दो महीने बाद घर आया आंगनबाड़ी सेविका का बेटा, जश्न का माहौल



**डुमरांव।** प्रखंड के अमथुआं गांव की आगनबाड़ी सेविका विमला देवी के पुत्र अविनाश कुमार सिंह ने दो महीना पहले ही देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षा यूपीएससी क्वालीफाई किया था। इस परीक्षा के पास होने के दो महीना बाद वह अपने पैतृक गांव लौटा। गांव आने पर परिजनों, रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ उसका स्वागत किया। उनके घर में जश्न का माहौल कायम रहा। तीसरी बार में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बाजी मारने वाले युवक की सफलता के पीछे उनकी पत्नी नेहा सिंह की भूमिका अहम रही। पति के सपने को पूरा करने के लिए पत्नी ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ दी। अविनाश कहते हैं कि उनकी इस सफलता के पीछे मां बिमला देवी, पिता अविनाश सिंह कुशवहा, मामा दीपक सिंह एवं मामी के अलावा उनकी पत्नी नेहा सिंह की खास भूमिका रही। दूसरी ओर दादा जग्गू सिंह एवं दादी लालमुनि सिंह एवं नाना नानी का आशीष बराबर बना रहा। उन्हें केंद्र शासित प्रदेश बतौर कैडर मिला है। उन्होनें बताया कि आरंभिक पढ़ाई अमथुआ प्राथमिक विद्यालय से करने के बाद प्रयागराज ननिहाल चले गए। वहां से आई कॉम किया जबकि बीकॉम की पढ़ाई बक्सर स्थित पीसी कॉलेज से पूरा की। एमबीए दिल्ली विवि से किया। पढ़ाई समाप्त होते ही उन्हें बैंक की नौकरी मिल गयी। उन्होंने यूपीएससी क्रैक करने का सपना बचपन में ही पाल रखा था।

### एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए चाचा भतीजे की सरकार ने हिंदू त्योहारों की छुट्टियां कम कीं :अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा हिंदू त्योहारों की छुट्टियां कम करना ओछी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने अपने प्रेस बयान में कहा है कि चाचा भतीजे की घमंडिया गठबंधन की सरकार ने बिहार में हिंदू तीज त्योहारों की छुट्टियों को रद्द कर ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए चाचा भतीजे की सरकार ने इस तरह का कदम उठाया है। यह सब कुर्सी



कुमार के इशारे पर हुआ है। लेकिन कोई उनसे पूछेगा तो उनका रटा रटाया जवाब होगा। पता नहीं, पता करवाता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को बिहार की जनता जरूर सबक सिखाएगी।

### युवा महोत्सव के प्रतिभागियों की हुई स्क्रीनिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को बक्सर के नगर भवन में युवा महोत्सव 2024 के लिए सभी विधाओं के प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग की गई। इस स्क्रीनिंग टेस्ट में सभी विधाओं के प्रतिभागियों द्वारा अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों के कौशल तथा क्षमता को देख उपस्थित अधिकारी दंग रह गए। 8 सितंबर को जिला युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फाईनल सूची तैयार की जाएगी।

स्क्रीनिंग के दौरान डीडीसी के साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक तथा प्रतिभागी शामिल



थे। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी विधाओं में सम्मिलित प्रतिभागियों का स्क्रीनिंग करते हुए उनसे अपील किया गया कि सभी प्रतिभागी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन देते हुए अपने जिले एवं राज्य का नाम उज्जवल करें। सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल कराया जाएगा। स्क्रीनिंग के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। बता दें कि इसके पहले उनका चयन प्रखंड तथा अनुमंडल स्तर पर आयोजित युवा महोत्सवों में हुआ था। वहां से चयनित होने के बाद जिला स्तरीय युवा महोत्सव के स्क्रीनिंग के लिए उन्हें बुलाया गया था।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
पीएनएस वार्यस एण्ड केवल
की तरफ से हार्दिक बधाई



PNS WIRES & CABLES
Empowering Life
OMEGA TRANSMISSION PVT. LTD.
Government of Bihar : Approved VENDOR
Registered Offce : 60+61/1 Jaya Bibi Road Ghusuri Howrah - 711107
Works- 707, Panchayat Road, Vill- Bangihati P.0- Mallickpara, P.S.- Serampore , Dist.- Hooghly
Email -sbs.omega@yahoo.com | Web- www.pnscables.in



98362 47779/ 9331347733 | sbs.omega@yahoo.com | www.pnscables.in |

# आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर सर्वे का कार्य जल्द शुरू करें: बीडीओ

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। इस क्रम में जिले के केसठ प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कार्यों और आगामी कार्यक्रमों के साथ टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के तहत केसठ व कतिकनार पंचायत की सभी आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण देकर जल्द से जल्द सर्वे का काम शुरू किया जाए और आंगनबाड़ी सेविकाओं और जीविका दीदियों को टीबी जांच का भी प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही, उनके माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। जिससे अधिक से अधिक टीबी के लक्षण वाले



लोगों को टीबी जांच के लिए प्रेरित किया जा सके। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के सभी मुखिया और उप मुखिया अपने स्तर से टीबी जागरूकता अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे।

**जीविका दीदियों को किया जा रहा प्रशिक्षित:** एमओआईसी डॉ. विनय कुमार ने बीडीओ को बताया कि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम को गति देने के लिए प्रखंड अंतर्गत सभी जीविका दीदियों को प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू किया जा चुका है। जिसमें एसटीएस और एसटीएलएस के माध्यम से जीविका दीदियों को टीबी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। ताकि, वह भी टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान को लेकर पंचायत का चयन कर उसकी सूची तैयार कर ली गई है। इसको लेकर माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। इन पंचायतों में दो वर्ष की अवधि में आबादी के अनुरूप जिन पंचायतों से सबसे कम मरीज मिले हैं, उन पंचायतों की सूची तैयार कर मुख्यालय को भेजी जा चुकी है। अभियान के दौरान जो भी एक्टिव केस मिलेंगे उन्हें चिन्हित करते हुए संपर्क वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। ताकि उपचार व सलाह दी जा सके।

**पंचायत प्रतिनिधि व सदस्यों को संकल्प दिलाया जाएगा:** एमओआईसी डॉ. कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के लिए चयनित पंचायतों के साथ सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जागरूकता रैली, सभा व प्रभात फेरी कर लोगों को कार्यक्रम के प्रति सशक्त एवं जागरूक बनाया जाएगा। इस क्रम में पंचायत प्रतिनिधि व वार्ड पार्षद सदस्यों को भी संकल्प दिलाया जाएगा। ताकि वे सभी अपने कार्यक्षेत्र को टीबी रोग से मुक्त कराएं। बैठक के बाद एमओआईसी ने एक टीबी मरीज को गोद लिया और उसे पोषण किट उपलब्ध कराया। बैठक में सीडीपीओ सुष्मिता, कतिकनार के उप मुखिया दीपक कुमार सिंह, प्रखंड जीविका प्रबंधक धर्मवीर कुमार गुप्ता, एसटीएस कुमार वरुण मौर्य, एसटीएलएस पंकज जायसवाल उपस्थित रहे।






### बिहार सरकार के नए फरमान से शिक्षक संगठनों में आक्रोश

# स्कूलों की छुट्टी में कटौती किए जाने पर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों के छुट्टियों में कटौती की गई है। इस कटौती में रक्षाबंधन, तीज, जिउतिया जैसे त्योहारों की छुट्टी रद्द करने के साथ ही दुगार्पूजा व छठ की छुट्टियां भी कम की गई है। विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने बजाप्ता पत्र जारी कर कटौती की घोषणा की है।

इसके बाद से शिक्षक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक संघ बिहार प्रखण्ड इकाई डुमरांव द्वारा निदेशक माध्यमिक शिक्षा के द्वारा सरकारी विद्यालयों में विभिन्न पर्व त्योहारों के अवसर पर छुट्टियां रद्द करने के आदेश को अविलम्ब वापस लेने की मांग किया है। इस संबंध में प्रखण्ड मीडिया प्रभारी उपेन्द्र पाठक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग बिहार पटना के ज्ञापन 2112 दिनांक 29 अगस्त 2023 के द्वारा मनमानी पूर्वक राज्य के प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व से घोषित अवकाश को रद्द कर दिया गया है। जिससे राज्य के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, तीज जैसे महत्वपूर्ण भारतीय त्योहारों के अवसर पर छुट्टी नहीं मिलेगी। छठ एवं दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण अवकाशों में कटौती कर नाम मात्र की छुट्टियां दी गई है। जबकि उक्त अवसरों पर खुद शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय एवं अन्य सरकारी कार्यालय बंद रहेगा।

अनुमंडल अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि विडंबना है कि इन महत्वपूर्ण त्योहार के दिन बच्चे विद्यालय नहीं पहुंचेंगे! यह बच्चों को अपने संस्कृति और रीति रिवाज मानने से वंचित करने का षड्यंत्र एवं बाल अधिकारों का हनन है। शिक्षक नेता पूर्णानन्द मिश्र ने कहा कि यह आदेश ब्रिटिश हुकूमत की याद दिला रहा है। यह भारतीय सभ्यता-संस्कृति के खिलाफ साजिश है। प्रखण्ड अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि निदेशक महोदय के उक्त आदेश में उल्लेखित है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्राथमिक विद्यालयों में 200 दिन एवं मध्य विद्यालयों में 220 दिन कार्य दिवस का प्रावधान है। जिसे पूरा करने के लिए सभी अवकाशों को रद्द किया गया है। जबकि राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश, राष्ट्रीय त्योहार, महापुरुषों के जयंती एवं सभी धर्मों के विभिन्न पर्व-त्योहार को मिलाकर साल के 365 दिनों में मात्र 60 दिनों का अवकाश तथा 52 दिन रविवार या शुक्रवार का सप्ताहांत अवकाश ही देय है। इस प्रकार वर्तमान में राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में कुल कार्य दिवस 253 दिन होता है। जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुकूल हैं। देश केंद्रीय विद्यालयों में भी 144 दिन के सार्वजनिक अवकाश के साथ-साथ प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को छुट्टी रहती है। वही जिला प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहा कि इस तुगलकी आदेश को मुख्यमंत्री निदेशक माध्यमिक शिक्षा के उक्त आदेश पर अविलंब रोक लगाये नहीं तो राज्य के लाखों शिक्षक आंदोलन करने को विवश होंगे।

### प्रखंड अध्यक्ष ने कहा, यह तुगलकी फरमान है

**केसठ।** शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों की छुट्टियां कम करने के निर्णय से शिक्षकों में आक्रोश देखा जा रहा है। शिक्षक संगठनों ने इस निर्णय का विरोध करते हुए सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है। वहीं शिक्षकों के वॉट्सएप ग्रुप में भी शिक्षा विभाग के आदेश को तुगलकी फरमान बताया जा रहा है। इस आदेश को ले शिक्षक आंदोलन की चेतावनी दे रहे है। इस संदर्भ में शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार विक्रांत ने पूर्व से जारी छुट्टी कैलेंडर को दरकिनार कर शिक्षा सचिव के के पाठक द्वारा किए गए छुट्टी रद्द को तुगलकी फरमान बताते हुए हिंदू धर्म विरोधी बताया। वही इस निर्णय के विरोध में आंदोलन शुरू करने की बात कही। वही शिक्षा सचिव द्वारा छुट्टी रद्द करने को प्रबुद्धजन भी धारण विरोधी बता रहे हैं। आगे प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि राज्य स्तरीय संघ का जो निर्णय होगा। उसके प्रति प्रखंड के शिक्षक सजग रहेंगे।

### सफाई में सहयोग नहीं करने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक ने की बीडीओ से शिकायत

**केसठ।** गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने को ले सरकार लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान चला रही है। ताकि लोगों को अंदर सफाई के प्रति जागरूकता आ सके। जिसके लिए प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक सुचारू रूप से इस अभियान को चलाने को लेकर कर्मी भी नियुक्त किए गए हैं। लेकिन स्वच्छता के नाम बहाल किए गए कर्मी धरातल पर धरातल पर स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ा रहे हैं। इसका प्रमाण है कि स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी ने डीआरपी राकेश कुमार और बीसी राजीव रंजन के विरुद्ध बीडीओ से शिकायत की है।

स्वच्छता पर्यवेक्षक ने अपने आवेदन में लिखा है कि घर घर कचरा उठाव को ले प्रति घर 30 रुपए की शुल्क लेनी है। लेकिन लोग ये शुल्क देने में रुचि नहीं दिखा रहे है। क्योंकि पंचायत स्तर से लोगो को सफाई और स्वच्छता शुल्क को के ले जागरूक किया जा रहा है लेकिन प्रखंड स्तर के कर्मियों द्वारा किसी भी प्रकार की जागरूकता अभियान नहीं चलाने के कारण लोग सफाई और शुल्क देने में रुचि नहीं दिखा रहे है। जिसके कारण हम लोगों को काम करने में अनेकों प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।







## भभुआ कोर्ट कैंपस के बाहर से पकड़ा गया आरा का कुख्यात शूटर

# जदयू नेता के भतीजा व माले नेता के बेटे की हत्या का शूटर गिरफ्तार

- हत्या, रंगदारी और लूट सहित कम से कम आधा दर्जन कांडों में आरोपित
- पिछ्ले साल नवंबर में जदयू नेता के भतीजे और 2022 में माले नेता के बेटे की हुई थी हत्या



**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाने की पुलिस द्वारा भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल शूटर विक्की यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे मंगलवार को भभुआ कोर्ट कैंपस के बाहर से पकड़ा गया। पकड़ा गया विक्की यादव नगर थाने के शीतल टोला निवासी ललन यादव उर्फ सुरेश यादव का पुत्र है। वह जदयू नेता भीम पटेल के भतीजे आकाश पटेल और माले गोपाल प्रसाद के पुत्र विजय कुमार की हत्या का मुख्य शूटर था।दोनों मामलों में वह वांटेड था। पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 12 नवंबर की शाम को शीतल टोला निवासी अमरजीत पटेल और उनके पुत्र आकाश पटेल अपने आटा चक्की पर काम कर रहे थे। तभी अपराधियों द्वारा दोनों पिता-पुत्र को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की मौत हो गयी थी। उस मामले में छह नामजद सहित अन्य अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद पुलिस द्वारा कुछ अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि विक्की यादव सहित अन्य अपराधी फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी को ले एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इस बीच मंगलवार को विक्की यादव के भभुआ कोर्ट कैंपस के समीप होने की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उसे भभुआ कोर्ट कैंपस के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि विक्की यादव सितंबर 2021 में माले नेता गोपाल प्रसाद के पुत्र विजय कुमार की हत्या में भी वांछित था। उसके अलावे उसके खिलाफ नगर थाने में सितंबर 2018 से 2019 के बीच रंगदारी, लूट और शराब सहित छह केस दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

## घर से निकले युवक का मिला शव, नशे के सेवन से मौत की आशंका

**आरा।** कोईलवर थाने के मनभावन चौक स्थित लाइन होटल के पीछे संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। उसके पास से चिलम और बोनफिक्स बरामद की गयी है। उस कारण उसकी नशे के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के साथ परिजन भी नशे का सेवन करने मौत होने आशंका जता रहे हैं। मृत युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़िया गांव निवासी नवलेश सिंह का 28 वर्षीय पुत्र निकेश सिंह उर्फ मजनू सिंह था। उसके छोटे भाई मोहित कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम वह कुछ पैसे लेकर घर से निकला था। रात तक वह घर नही लौटा। बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों के जरिए सूचना मिली कि उसके भाई का शव मनभावन चौक स्थित लाइन होटल के पीछे पड़ा है। तब परिजन पहुंचे।

मोहित कुमार सिंह ने बताया कि उसकी मौत नशा करने के कारण हुई है। उधर, उसके पॉकेट से चिलम और बोनफिक्स बरामद होने से पुलिस भी नशा करने के कारण मौत होने की बात कह रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।







## जहानाबाद सदर विधायक सुदय यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग-83 का लिया जायजा



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन और सुदय यादव ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 83 का निरीक्षण किया। जहां कमियों को निरीक्षण के क्रम में गुलाम कादिर, परियोजना निर्देशक राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 83 निर्माण में कार्यरत एजेंसी रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियरों को अवगत कराया। सदर विधायक ने आदमपुर असिया पथ में अंडरपास निर्माण के लिए निर्देशित किया। नौरु में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की स्थिति से अवगत कराया।

## सांप के डंसने से इंटर की छात्रा की मौत

**आरा।** गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप गांव में विषैले सांप के डंसने से पलंग पर मां के साथ सो रही इंटर की छात्रा की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। छात्रा के परिजन सांप को मारने के बाद उसे झोले में लेकर आरा अस्पताल डॉक्टर के पास पहुंचे थे। मृत छात्र बराप गांव निवासी श्री सिंह की 18 वषीर्या पुत्री उषा कुमारी थी। के भाई चंदन कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात खाने के बाद वह मां के साथ पलंग पर सो रही थी। रात में सांप ने उसे डंस लिया। तभी मां ने सांप को देख लिया और उसे मार डाला। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी जान चली गई।

## बचपन ए प्ले स्कूल की बच्चियों ने डीएम को तिलक लगा बांधी राखी, मिला गिफ्ट




**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बुधवार को बचपन ए प्ले स्कूल की बच्चियां हाथों में पूजा की थाल के साथ राखी, कुमकुम, अक्षत, फूल और मिठाई लिये चहक रही थीं। क्खुद जिलाधिकारी ने इन बच्चियों को आमंत्रित किया था। एक-एक कर सभी बच्चियों ने जिलाधिकारी को तिलक लगाये, पुष्प और अक्षत से उनकी पूजा की और आरती उतारी। तत्पश्चात राखी बांध मिठाइयां खिलाई। जिलाधिकारी ने इन बच्चियों को रिटर्न गिफ्ट के तौर पर टॉफी बांटे और आशीर्वाद दिया।



## खबरें फटाफट

### हत्या के प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** हत्या के प्रयास करने के आरोपी को शहर कोतवाली पुलिस ने भृगु मंदिर के पास से बुधवार की सुबह 11 बजे गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त अभिषेक मिश्रा पुत्र वशिष्ठ नरायन मिश्रा निवासी वजीरपुरा भृगु आश्रम के पास का रहने वाला है। भृगु मंदिर के पास स्थित चट्टी पर दोपहर के वक्त टहल रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई और आरोपी अभिषेक को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था, आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।

### अधिवक्ताओं की पिटाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन



**बलिया।** हापुड़ में अधिवक्ताओं की पिटाई के विरोध में क्रिमिनल एंड रेवेन्यूबार एसोसिएशन तथा सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बैठक कर इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस दौरान पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। अधिवक्ताओं ने विरोध मार्च निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिसमें मांग की गई है कि हापुड़ की घटना के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही वहां के पुलिस अधीक्षक सीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच महावीरी झंडा जुलूस संपन्न

# जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हुआ भृगु नगरी

**केटी न्यूज/बलिया**




प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर नगर में ऐतिहासिक महाबीरी झंडा जुलूस बुधवार को पुलिस व तीसरी नेत्र की देखरेख में देर रात करीब 2.30 बजे परंपरागत एवं शांतिढंग से संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान जय श्रीराम व जय हनुमान के लग रहे जयकारे से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। इसके अलावा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे के साथ जुलूस में देश भक्ति का जोश दिखा। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। जुलूस के दोनों पटरियों पर लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। उधर, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व पीएसी के जवान के साथ ही खुफिया टीम भी सादे वेश में मौजूद रही। जबकि अधिकारीगण चक्रमण करते नजर आए। वहीं विशुनीपुर स्थित जामा मस्जिद के पास लगे टेंट में पुलिस अधीक्षक एस आनन्द , अपर पुलिस अधीक्षक संजय दुर्गा प्रसाद तिवारी, एडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्रीकांत द्विवेदी, सदर एसडीएम अखिलेश कुमार यादव, सीओ सिटी एन एस वैभव पांडेय , सिकंदरपुर सीओ सदर अशोक मिश्रा आदि अधिकारियों ने भी जुलूस का आनंद उठाया। सावन की पूर्णिमा व रक्षाबंधन के पर्व पर बुधवार को नगर के विभिन्न अखाड़ों से परंपरागत तरीके से महावीरी झंडा जुलूस पुलिस एवं तीसरी नेत्र की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से भोर में संपन्न हुआ। नगर कमेटी अखाड़ा, जगदीशपुर, टाउन हाल कमेटी, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग रोड, बालेश्वर घाट, विजय सिनेमा रोड, गुदरी बाजार अखाड़े का जुलूस विभिन्न झांकियों के साथ स्टेशन मालगोदाम होते हुए रेलवे स्टेशन, ओक्डेनगंज चौराहा, शहीद चौक, लोहापट्टी, चमनसिंह बाग रोड़, बड़ी मस्जिद, पशु अस्पताल रोड, कासिमबाजार रोड, विष्णु धर्मशाला रोड होते हुए विशुनीपुर चौराहा पहुंचा। जहां जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने नगर के विभिन्न चौराहों पर तलवारबाजी, बनैठी, भाला, फरसा, आग जैसे खतरनाक खेलों का घंटों प्रदर्शन कर दर्शकों से वाहवाही लूटी। इस दौरान डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीत व जय श्रीराम के जयघोष की धुन पर युवा जमकर थिरके। इसके साथ ही हाथी, घोड़ा, ऊंट और गाजेबाजे के साथ ही विभिन्न प्रकार की झांकियों ने जुलूस की शोभा बढ़ाई।

महावीरी झंडा जुलूस को देखने के लिए नगर के आसपास के साथ ही जनपद के विभिन्न इलाके लोग पहुंचे थे। जुलूस के दौरान नगर के विभिन्न मार्गो पर समाजिक संगठनों द्वारा स्टाल लगाकर रस, प्रसाद, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई थी।

**चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स**

जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ सिटी एन एस वैभव कुमार, सदर सीओ अशोक मिश्रा, कोतवाल राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस तथा पीएसी के जवान के साथ तैनात किए गए थे।

## समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष बने अफजल अहमद



**बलिया।** समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक सिविल कोर्ट सभागार में बुधवार की दोपहर संपन्न हुई। इस दौरान सभा के उत्थान पर जोर दिया गया। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एडवोकेट अफजल अहमद का सिविल कोर्ट के सभागार में भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत एडवोकेट अफजल अहमद ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है, उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडवोकेट अफजल अहमद को समाजवादी अधिवक्ता सभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। स्वागत करने वालों में विजय बहादुर यादव,राम विचार यादव, नन्द जी, अनील राजभर, हरिशंकर जयराम , अतहर खान असलम खान रहमत राशिद आरिफ, एजाज, एस बी सिंह, ज्ञानद्र, संदीप, अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## करम्मर गांव में चाकू से गोद कर युवक की हत्या, घर में कोहराम



**केटी न्यूज/बलिया**

◆ बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र था मृतक

खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव में मंगलवार की देर रात्रि दरवाजे पर सो रहे युवक की अज्ञात बदमाशों ने चाकू से गोंदकर हत्या कर दिया। युवक की आवाज सुनकर परिजन दौड़े तब तक बदमाश भागने में सफल हो गए। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए युवक को जिला अस्पताल ले जा रहे थे। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एस आनंद कुमार भी मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मिली जानकारी के अनुसार खेजूरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव निवासी बादल पटेल 18 पुत्र हरेराम पटेल के नए मकान का गृह प्रवेश सोमवार को था। जिसमें सभी रिश्तेदार जुटे हुए थे। जबकि सामान उसके पाटीदार के घर पर रखा गया था। जहाँ मंगलवार की रात्रि बादल पटेल अपने पाटीदार के दरवाजे पर सोया हुआ था। जो कि उसकी मां मौसी और अन्य लोग करीब 500 मीटर की दूरी पर सोए हुए थे। इसी बीच देर रात अज्ञात बदमाश पहुंचकर युवक के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दिया। युवक की शोरगुल परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## एक कुंटल मिश्रित छेने की मिठाई को कराया नष्ट



**केटी न्यूज/बलिया**

रक्षाबंधन के त्योहार पर मिलावटखोरी रोकने के लिए निकली खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। आग लोगों की बिक्री के लिए रखे गए छेने की मिठाई में मिलावट पाए जाने पर टीम ने एक कुंटल छेने की मिठाई जिसकी कीमत लगभग 16 हजार है को मौके पर ही नष्ट कराया। टीम के इस कार्रवाई से मिष्ठान विक्रेताओं में हड़कम्प मचा रहा। टीम ने बलिया शहर, बांसडीह व बैरिया के बाजारों में संदिग्ध प्रतीत हो रही अलग अलग मिठाइयों के आठ नमूने लिये। सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वेद प्रकाश मिश्रा के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के नेतृत्व में जांच टीम को शहर के कटहल नाले के पास स्थित एक मिष्ठान की दुकान पर जांच के दौरान लगभग 35 किलो छेने की मिठाई तथा खाकी बाबा के पोखरा के पास बैरिया की एक मिष्ठान की दुकान से लगभग 65 किलो मिश्रित छेने की मिठाई मिली।

## छेड़खानी व पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के आरोपी को महुआ मोड़ से बुधवार की सुबह 11 बजे गिरफ्तार किया। आरोपी मुशाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद नौशाद हुसैन निवासी घोड़हरा थाना दुबहड़ का रहने वाला है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मुशाहिद हुसैन महुआ मोड़ के पास खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है, तभी पुलिस मौके पर जाकर आरोपी को दबोच लिया। इसके बाद संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।










## खबरें फटाफट

### 19 गोवंश बरामद , तस्कर फरार

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के जफरपुर चौंक अन्तर्गत नेशनल हाईवे सिंघीताली पुल के समीप पुलिस ने एक ट्रक से 19 गोवंश बरामद किया एक गो वंश की मौत हो गई। मौके से तस्कर फरार हो गए। अधीक्षक जनपद चन्दौली डा. अनिल कुमार के द्वारा गोवंशों की वध हेतु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराध में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं जुर्म जरायम के रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया , अलीनगर पुलिस टीम द्वारा हाईवे सिंधीताली पुल वाराणसी से चन्दौली जाने वाले लेन पर चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान एक ट्रक को बीच रास्ते में ही स्टार्ट अवस्था में ही खड़ा करके भाग गये जिनको पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परन्तु पकड़े नहीं जा सके।

### बरहनी में रोजगार मेला छह सितंबर को

**चंदौली।** जिला सेवा योजन कार्यालय की ओर से छह सितंबर को बरहनी ब्लाक पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेले में आनलाइन व आफलाइन दोनों तरह से बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के उपरान्त ही पोर्टल पर उन्हें मेले सम्बन्धित सूचना प्रदर्शित होगी। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में क्वेसकार्प (आटा मोटर्स पंतनगर–लर्न एवं अर्न प्रोग्राम) के अलावा जी4एस सिक्योरिटी गार्ड, वाकरू इंटरनेशनल, एलआईसी, नवभारत फर्टिलाइजर आदि कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।

## पीजी कॉलेज को मिला केंद्र सरकार से शोध प्रोजेक्ट

# प्रोजेक्ट व सेमिनार लाने वाले शिक्षक सम्मानित किए जाएंगे: प्रो. पांडेय

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) की ओर से स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर को शोध प्रोजेक्ट मिला है। आईसीएसएसआर द्वारा आनलाइन इसकी सूचना जारी की गई है।

प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि घोषित परिणामों में पीजी कालेज को प्रोजेक्ट समाज शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० रुचि मूर्ति सिंह को मिला है। वह कमजोर वर्गों पर सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आंकलन उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के संदर्भ एक अध्ययन शीर्षके परे शोध करेंगी। केंद्र सरकार ने बेटियों के नाम पर निवेश को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत की है। जिसमें 15 साल तक निवेश करके बच्चियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए फंड एकत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने इस योजना की शुरूआत ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान के अंतर्गत की थी। प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेंद्र कुमार पांडेय ने डॉ० रुचि मूर्ति सिंह को हार्दिक बधाई दी। कहा कि महाविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत सरकार एवं अन्य सभी शोध परियोजनाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इस शोध परियोजना में सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आकलन पर केंद्रित शोध कार्य होगा। इससे सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। अपने बधाई संदेश में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार से प्रोजेक्ट एवं सेमिनार के लिए फंड लाने वाले प्रत्येक शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य कुलानुशासक प्रोफ० एसडी सिंह, प्रोफ० एसएन सिंह, प्रोफ० (डॉ०) अरुण कुमार यादव, डॉ० रामदुलारे, डॉ० हरेन्द्र सिंह, डॉ० पियूष कांत सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, संजय कुमार श्रीवास्तव आदि ने खुशी जताई औरे बधाईयों दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**चंदौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के दी दिरेहूं ग्राम पंचायत के डोडापुर खालसा स्थित पकवान बस्ती में मंगलवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में भंटू 23 नामक बनवासी युवक की मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मंगलवार को भंटू के परिवार के सभी सदस्य जागेश्वरनाथ मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए गए थे। परिजन मंगलवार की देर शाम घर लौटे तो भंटू हाफ रहा था और देखते ही देखते अचेत हो गया। परिजन उसे लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भंटू की शादी हो गई थी। लेकिन बच्चे नहीं थे भंटू की मौत से परिजनों पर गमों का पहाड़ टुट पड़ा।

कोतवाल मिथिलेश तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही मौत के करणो का पता चल पाएगा।

## एनडीआरएफ कर्मियों को छात्राओं ने बांधी राखी

**केटी न्यूज/चंदौली**



एनडीआरएफ मुख्यालय परिसर में रंक्षाबंधन के शुभ अवसर पर स्कूली बच्चों ने एनडीआरएफ बचाव कर्मियों को राखी बांधकर उनकी सलामती के लिए दुआएं मांगी, एनडीआरएफ बचाव कर्मियों ने भी बहनों को किसी भी प्रकार के आपदा के दौरान रक्षा का वचन दिया। मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक, 11 एनडीआरफ ने बताया कि पूरे देश में रक्षाबंधन की धूम मची हुई है, सभी बहनें अपने भाइयों की कलाई में एक से बढ़कर एक खूबसूरत राखी बांधकर उनके सुख समृद्धि की दुआएं दे रही हैं। एनडीआरएफ की टीमें वर्तमान में वाराणसी, चंदौली, गोरखपुर, लखनऊ, बहराइच, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) एवं जबलपुर तथा भोपाल (मध्य प्रदेश) मे तैनात है। तैनाती वाले स्थानों पर स्कूली छात्राओं तथा विभिन्न संगठनो के द्वारा एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों को राखी बांधकर भाई-बहन के त्यौहार को धूमधाम से मनाया।

## प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही सरकार: विधायक

**केटी न्यूज/चंदौली**



रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस लाइन में जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, विधायक चकिया कैलाश खरवार के साथ ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधा गया। अधिकारियों द्वारा समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किए गये। महिला सम्बन्धित अपराध से पीड़िताओं से संवाद कर उनके बारे में फीडबैक लिया तथा भविष्य में भी सुरक्षा एवं सहयोग हेतु सभी को आश्वस्त करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत स्वीकृत 21 प्रकरणों में पीड़िताओं अथवा उनके परिजनों स्वीकृति प्रमाण पत्र व सहायता राशि प्रदान किया गया।

तत्पश्चात जनपद स्तर पर कक्षा-10 एवं कक्षा-12 की टापटेन 14 छात्राओं को बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत नगद पुरस्कार से पुरस्कृत सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रेलवे स्टेशन परिसर में सो रही महिला का बच्चा चोरी

- सीओ ने पहुंच कर की पूछताछ, पुलिस को बच्चे की बरामदगी का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/पीडीयू नगर**




**(चंदौली)** ।दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन परिसर में सोई महिला का नौ माह का बेटा सोमवार की रात चोरी हो गया। स्टेशन परिसर से मासूम की चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। मंगलवार को सीओ वाराणसी ने स्टेशन पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और स्थानीय अधिकारियों को जल्द से जल्द बच्चे का पता लगाने का निर्देश दिया है। वहीं बच्चा गायब होने से उसकी मां का रो रोकर हाल बेहाल है। स्टेशन पर बच्चा चोरी की यह पहली घटना है।

मुगलसराय कोतवाली के लाठ नंबर दो पानी टंकी निवासिनी दलित महिला सपना अपने पति मूरत सोनकर मजदूरी कर पेट पालते हैं। सपना के अनुसार सोमवार की रात 10 बजे वह अपने नौ माह के बेटे प्रिंस के साथ स्टेशन परिसर स्थित नए रिजर्वेशन काउंटर के समीप सीढ़ी के नीचे सोई थी। भोर में तीन बजे महिला की नींद खुली तो उसका मासूम बेटा गायब था। पास में बच्चा न होने से वह हैरान हो गई। घंटों तक उसने काफी खोजबीन की लेकिन मासूम का पता नहीं चला। शोर मचाने पर आस पास के लोग भी एकत्र हो गए। स्टेशन परिसर से बच्चा चोरी की घटना से मौके पर खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे जीआरपी कर्मियों ने भी बच्चे की तलाश की लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह मूरत ने बेटे के चोरी होने की तहरीर जीआरपी में दी। जीआरपी बच्चा गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं मासूम के गायब होने से माता पिता का रो रोकर हाल बेहाल है। वहीं स्टेशन परिसर में भी चर्चा हो रही है। बड़ी घटना के बाद मंगलवार की दोपहर में जीआरपी के सीओ कुंअर प्रभात सिंह ने स्टेशन पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। उन्होंने महिला से वार्ता की और पूरी जानकारी ली। वहीं सीसीटीवी खंगाला।










### घोसी विस उप निर्वाचन: सपा उम्मीदवार के समर्थन में मांगा वोट

# हमें आपस में लड़ाने के एजेंडे पर काम कर रही है भाजपा : अकरम

**केटी न्यूज/मऊ**

घोसी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी अल्पसंख्यक सभा, अमिक जामई राष्ट्रीय प्रवक्ता, अकरम सिद्दीकी प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश, मोनीर अहमद पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश मऊ और आजमगढ़ के अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष आज नदवासराय में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह के लिए वोट मांगा और पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों से बताया। तत्पश्चात शकील नदवी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा तथा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए कार्यकताओं में खूब जोश भरा।



उन्होंने कहा कि भाजपा केवल झूठे वादे करती है। बेरोजगारी और महंगाई में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। सड़कें बदहाल हैं। लोगों को पर्याप्त बिजली भी नहीं मिल रही। दूर - दूर तक कहीं कोई विकास नहीं दिखता। भाजपा हमें आपस में लड़ाने का काम करती है। यदि हम सभी लोग एक हो जायें तो भाजपा को सत्ता से बाहर करने में कोई मुश्किल नहीं है। आप सभी लोग अभी से एक जुट होकर मन बना लीजिए। इसलिए अगली सरकार हमारी होगी और हम ऐसा विकास करेंगे कि हमारा काम लोगों को धरातल पर दिखाई देगा। हम जो कहते हैं, वो करते हैं।इस अवसर अल्तमश खान, सालीम खान,जमाल अहमद (समाज सेवी),खालिद,साकिब, उमर फारूक ,वफाउल्लाह, इशरार, अब्दुल्लाह,मनीष,लल्लन,जोगेश, , आदि लोग मौजूद थे '

## प्रशिक्षण कार्य संपन्न

**मऊ** ।विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे माइक्रो आब्जर्वर्सका प्रशिक्षण कार्य कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री बेनहुर महेश दत्त इक्का की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रेक्षक ने माइक्रो ऑब्जर्वर्स को उनके निर्धारित मतदान केदो पर मतदान प्रारंभ होने के उपरांत मतदान की समाप्ति तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई चेक लिस्ट के अनुसार मतदान के दौरान होने वाली कार्यवाहियों का डाटा समय से फीड करने तथा मतदान के उपरांत रिपोर्ट सामान्य प्रेक्षक को प्रस्तुत करने को कहा।

# महिला की पेट से निकला 10 किलो का ट्यूमर

**केटी न्यूज/मऊ**

गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल नरई बांध मऊ के जाने-माने जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अभिषेक गुप्ता ने एक महिला के पेट से शल्य क्रिया के जरिए 10 किलो का ट्यूमर निकाला है। महिला पेट में भारीपन, दर्द और भोजन की समस्या से पीड़ित थी।एक वर्ष से ज्यादा समय से काफी परेशान थी।

बताया जाता है कि पीड़ित महिला बेबी वर्मा 50 वर्ष पत्नी सुदर्शन प्रसाद वर्मा बलिया जनपद के महावीर घाट स्थित बनकट की निवासिनी । वह मेसेंटेरिक शिष्ट (ट्यूमर) से पीड़ित थी। जब उसे स्थानीय उपचार से लाभ नहीं मिला तो वे वाराणसी और लखनऊ में चिकित्सकों को दिखाई, लेकिन उसे पेट में भारीपन, दर्द और भोजन की



समस्या की पीड़ा से कोई लाभ नहीं मिला।

फिर उसके बेटे को किसी ने राय दिया कि एक बार मऊ में गुप्ता सर्जिकल हास्पिटल में दिखा लो। पीड़ित महिला ने डा. अभिषेक गुप्ता को दिखाया तो उन्होंने शिष्ट होने की बात कही। पीड़िता का मंगलवार के दिन ऑपरेशन के लिए बुलाया गया । जहां पर युवा जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अभिषेक गुप्ता ने उसकी शल्य क्रिया करके 10 किलो का ट्यूमर बाहर निकाल दिया। आपरेशन लगभग 30 मिनट चला।

डॉ अभिषेक गुप्ता ने बताया कि महिला मेसेंटेरिक ट्यूमर से पीड़ित थी यह आंत से लगी चर्बी होती है, जो आंत को रक्त की सप्लाई करती है, परंतु इसके लगातार ग्रोथ की वजह से उसे परेशानी हो रही थी।शल्य क्रिया के बाद महिला स्वस्थ है। महिला के एक पुत्र और एक पुत्री है। जिसे कई वर्ष पूर्व बच्चेदानी का ऑपरेशन कराया गया था। उसके बाद से उसके पेट में अचानक वृद्धि होने लगी ,तथा भोजन इत्यादि करने के बाद उसे उल्टी हो जा रही थी। तब उसे चिकित्सक को दिखाया गया और अल्ट्रासाउंड में ट्यूमर दृष्टिगोचर होने लगा, तब ऑपरेशन का निर्णय लिया गया।

## जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मऊ निर्वाचन अधिकारी मनोनीत

**मऊ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकस सिंह ने बताया कि समिति के प्रबन्धकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मऊ को निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया है। जिसके क्रम में समिति जामिया मिफ्ताहुल ओलून मऊनाथ भंजन मऊ की प्रबन्धकारिणी समिति के निर्वाचन का कार्यक्रम निम्न है- जिसमे 08 को प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक नामांकन पत्रों का वितरण। 09 सितंबर को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक नामांकन। अपरान्ह 03 बजे से 04 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच व सूची का प्रकाशन। 10 सितंबर को प्रातः 09 बजे से 02 बजे तक मतदान। फिर मतगणना एवं परिणाम की घोषणा।







